# Shree Somnath Sanskrit University Constituent Sanskrit College, Veraval

राजेन्द्र भुवन मार्ग, बीरला मन्दिर के पास- वेरावल,

जिल्ला - गीर सोमनाथ (गुजरात) भारत – ३६२२६६




## SHASTRI (B.A.) 3 YEARS PROGRAMME

## प्रवेशअर्हता संक्षिप्त परिचय पुस्तिका वर्ष : २०२३-२४

प्रधानाचार्य
प्रि.डॉ.नरेन्द्रकुमार एल.पंड्या
९८९८५४०४०३

जु.क्लर्क
श्री जयदीपसिंह के.परमार
७३५९५१७४००

Email- sssucollege@gmail.com

Website -sssu.ac.in

SHASTRI (B.A.)में रजीस्ट्रेशन / पंजीकरण करने से पहेले यह नियम पढना आवश्यक है। निम्नअनुसार नियमों को पढने के बाद ही छात्र को रजीस्ट्रेशन / पंजीकरण करने की सूचना दी जाती हैं।

## A. प्रवेश विषयक -

1. **प्रवेश पात्रता -**

   भारत सरकार और गुजरात सरकार द्वारा प्रस्थापित नियमो के अधीन मान्य उच्चतर माध्यमिक /+2 परीक्षा अथवा इसकी समकक्ष परीक्षामें उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

2. **छात्र प्रवेश संख्या-**

   छात्र संख्या ४० - साहित्य,४०- पुराण, ४० - वेद, ४० - व्याकरण, ४०-ज्योतिष, ४०- दर्शन रहेगी। जिसमें से अनामत वर्गों के लिए 5 % (पांच प्रतिशत) शारीरिक रूप से दिव्यांग के लिए(दिव्यांगअर्थात्सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किसी प्रकार की दिव्यांगता का 40% (चालिस प्रतिशत) से कम नही ऐसा व्यक्ति) अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के लिए 7 % (सात प्रतिशत), अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए 15 % (पंद्रह प्रतिशत),औरसामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछडे वर्ग (SEBC/OBC) के लिए 27 % (सत्ताईस प्रतिशत) सीटे आरक्षित रहेगी। 10 % (दश प्रतिशत) अतिरिक्त सीटे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए रहेगी। निवृत सेनानी के लिए 1% (एक प्रतिशत)। KM के लिए एक (०१) सिट।

3. **अवधि और कार्यदिवस -**

   शास्त्री कक्षा की अवधी तीनशैक्षणिक वर्ष की होगी जिसमें छह (6) सेमेस्टर होंगे। यदि कोई छात्र कोई सेमेस्टर पूरा करने में असमर्थ रहता है, अथवा किसी सेमेस्टर-समाप्ति वाली परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो , तो उसे इस कार्यक्रम में प्रवेश की तिथि से अधिकतम 5 (पांच) वर्ष की अवधि के अन्तर्गत कार्यक्रम को पूरा करना होगा।कार्य दिवस युनिवर्सिटीके केलेन्डर अनुसार रहेंगे।

4. **विषय पसंदगी -**

| विषयकोड | पेपर नं. | विषय का नाम |
|---|---|---|
| CF111 | 1 | अनिवार्य संस्कृत |
| EF111 | 2 | English & Computer |
| GE111 | 3 | गुजराती/हिन्दी/अंग्रेजी (Any One) |
| OE111 | 4 | Prachya Economics and Political Science/ICT (Computer) (Any One) |
| CC111 | 5 | मुख्य विषय -1. वेद/साहित्य/दर्शन/पुराण/ज्योतिष/व्याकरणमें से कोई एक विषय पसंद/चयन करना होगा।(Any One) |
| CC112 | 6 | CC111(पेपर नं.5)में जो विषय आपने पसंद/चयन किया वही विषय यहा पसंद/चयन करना होगा।(Any One) |
| CE111 | 7 | क्रियात्मक संस्कृत शिक्षण |

5. **दस्तावेज वेरीफिकेश और प्रवेश प्रक्रिया -**

काउन्सेलिंग और प्रवेश प्रक्रिया के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय केम्पस में सभी ओरीझनल /मूल दस्तावेज और सभीकी छायाप्रति (छात्र के स्वहस्ताक्षरवाली) के साथ रेकर्ड/दस्तावेज की सत्यापितता/जांच के लिए उपस्थित रहना जरुरी है ।यदि दस्तावेज की सत्यापितता /जांच में कोई विसंगतता/क्षति होगी और ऐसा फलित होगा कि छात्रनेअसत्य जानकारी दी है या प्रस्तुत की है तो विश्वविद्यालय छात्र का प्रवेश रद करेगा ।

छात्र का प्रवेश सुनिश्चित तभी होगा जब जिस कार्यक्रम/अभ्यासक्रम सेमेस्टर की विश्वविद्यालय द्वारा निश्चित की गई फी और पंजीकरण फी का भुगतान किया गया हो ।

6. **प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेज -**

प्रवेश के समय स्वयं प्रमाणित निम्नलिखित दस्तावेज दो (२) नकल में जमा करने होंगे-

- योग्यता (लायकात) परीक्षा गुणपत्रक
- विद्यालय त्याग का प्रमाणपत्र, स्थानांतरण प्रमाणपत्र (Transfer Certificate), अथवा प्रवास प्रमाण पत्र (Migration Certificate)
- अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछडे वर्ग (SEBC/OBC), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के छात्रों को जाति प्रमाणपत्र, गुजरात सरकार द्वारा अधिकृत सत्ताधिकारी द्वारा उचित रूप से हस्ताक्षरित और सिक्के के साथ दिया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।
- गुजरात सरकार के द्वारा अधिकृत सत्ताधिकारी द्वारा उचित रूप से हस्ताक्षरित और सिक्के के साथ दिया गया नोन-क्रिमीलेयर (एनसीएल) प्रमाणपत्र ।
- दिव्यांग उम्मीदवार के किस्से में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किसी प्रकार की दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ।
- आधारकार्ड और बेंक पासबुक की छायाप्रति ।

## B. सेमेस्टर वाइझ शुल्क–

| संख्या | शुल्क विवरण (Fee Details) | विद्यार्थी(Male) | विद्यार्थिनी(Female) |
|---|---|---|---|
| 1 | Tution Fees (Per Semester) | 600 | 00 |
| 2 | Library Fees (Per Semester) | 100 | 100 |
| 3 | Library Deposit Fees (One Time) | 150 | 150 |
| 4 | Internal ExamFees (Per Semester) | 50 | 50 |
| 5 | Cultural & Sports Activities fees | 100 | 100 |
| 6 | Caution Money (One Time) | 100 | 100 |
| 7 | Enrolment Fees (One Time) | 100 | 100 |
| 8 | Identity Card Fees (One Time) | 50 | 50 |
| | **संपूर्ण(Total)** | **1250** | **650** |

ओनलाइन शुल्क जमा करने की Link -

https://easypay.axisbank.co.in/easyPay/makePayment?mid=MzYwMDY

## C. होस्टेल व्यवस्था –

**(अ) होस्टेल / छात्रावास में रहने/ठहरने के लिए विस्तार :-**

SHASTRI (B.A.)में पठने/अभ्यास करने वाला छात्र/छात्रा वेरावल-पाटन शहेर के १२ कि.मी. भीतर/रेन्ज में रहता/रहती हैं तो इनको होस्टेल/छात्रावास में प्रवेश नही मिलेगा । वेरावल-पाटन शहेर के १२ कि.मी. रेन्ज के बहार कोई छात्र/छात्रा रहता/रहती हैं तो इनको होस्टेल/छात्रावास में प्रवेश मिलेगा ।

**(ब) प्रवेश शुल्क -**

SHASTRI (B.A.)में पढने/अभ्यास करने वाला छात्र/छात्रा अगर होस्टेल/छात्रावास में प्रवेश लेना चाहता हैं और (अ) में निर्दिष्ट विस्तार के बहार का है तो इसे प्रति सत्र/सेमेस्टर का होस्टेल/छात्रावास प्रवेश शुल्क रू. ५००/- विश्वविद्यालय में जमा करना होगा ।

**(क) डिपोझीट -**

होस्टेल / छात्रावास में प्रवेश ले ते समय पर डिपोझीट शुल्क एस.सी./एस.टी. जाती के छात्र/छात्रा को रू.१०००/- और अन्य सभी जाती के छात्र/छात्रा को रू.२०००/- विश्वविद्यालय में जमा करना होगा । अभ्यास पूर्ण होनें पर अथवा होस्टेल/छात्रावास छोड ने पर छात्र/छात्रा को डिपोझीट शुल्क वापस मिलेगा । इस के लिए छात्र/छात्रा को होस्टेल/छात्रावास डिपोझीट वापसी हेतु प्रक्रिया/नियम का अनुसरण करना होगा ।

**(ड) भोजन -**

छात्र/छात्रा को भोजन शुल्क का ६० % रकम प्रति सत्र विश्वविद्यालय में ओनलाइन प्रवेश के दौरान भुगतान करना होगा । शै.वर्ष : २०२३-२४ से प्रथम सत्र से भोजन शुल्क प्रति सेमेस्टर रू.९६६६/- विश्वविद्यालयमें प्रवेश के दोरान जमा ओनलाइन करना होगा । प्रस्तुत शुल्क की रसीद होस्टेल में प्रवेश दौरान गृहपति/गृहमाता को जमा करनी होगी ।

**(ई) नियमों का पालन-**

होस्टेल/छात्रावास के निर्धारित /वर्तमान जो नियम और दिनचर्या है इसका अनुपालन अनिवार्य रूप से करना होगा । समय-समय पर विश्वविद्यालय/होस्टेल/छात्रावास द्वारा दिए गए नियमों/सूचनाओं का भी चुस्त रूप से पालन करनाहोगा । विश्वविद्यालय/होस्टेल/छात्रावास के नियमों का उल्लंघन करने पर छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय/होस्टेल/छात्रावास से निकाला भी जा सकता हैं । विश्वविद्यालय/होस्टेल/छात्रावास की किसीभी प्रोपर्टी को नुकशान करने वाले छात्र/छात्रा के पास से जो भी शुल्क होगा वह लिया जायेगा ।